126

संख्या–648/XLI-1/2011–63/10

प्रेषक,

एस0राजू,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा, उत्तराखण्ड,
श्रीनगर गढ़वाल।

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग देहरादूनः दिनांकः 18 :नवम्बर, 2011

विषयः– राजकीय पालीटैक्निक कनालीछीना (पिथौरागढ़) के अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–153/नि0प्रा0शि0/प्लान–92/2011–12, दिनांक 08.06.2011 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2011–12 में राजकीय पालीटेक्निक, कनालीछीना जनपद पिथौरागढ़ के अनावासीय भवनों के प्रकियात्मक कार्यो हेतु उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, पिथौरागढ़ द्वारा गठित आगणन ₹7.04 लाख के सापेक्ष वित्त विभाग/टी0ए0सी0 द्वारा संस्तुत/अनुमोदित आगणन ₹3.11 लाख (रूपये तीन लाख ग्यारह हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये, शासनादेश संख्या–164/XLI-1/2011–87/08, दिनांक 31.03.2011 द्वारा उक्त संस्थान की स्थापना हेतु जिलाधिकारी, पौड़ी के पी0एल0ए0 में रखी गयी धनराशि ₹206.64 लाख में से ₹3.11 लाख (रूपये तीन लाख ग्यारह हजार मात्र) आहरित/व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति निम्न शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैंः–

1– उतनी ही धनराशि का आहरण किया जायेगा, जितनी धनराशि की वास्तविक रूप से आवश्यकता हो। धनराशि अनावश्यक रूप से कार्यदायी संस्था को पार्किंग के लिए न दी जाय।

2– वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–475/XXVII(7)/2008 दिनांक 15.12.2008 के अनुसार निर्धारित प्रारूप पर कार्यदायी संस्था से एम.ओ.यू. हस्तान्तरित कराया जाना अवश्यक सुनिश्चित किया जायेगा।

3– कार्य करने से पूर्व मदवार दर विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों के आधार पर तथा जो दरें शेड्यूल ऑफ रेट्स में स्वीकृत नहीं हैं, अथवा बाजार भाव से ली गयी हो, की स्वीकृति नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता से अनुमोदन कराना आवश्यक होगा।

4– कार्य करने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम अधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

5– कार्य पर उतना ही व्यय किया जाए जितनी राशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

6– एक मुश्त प्राविधानों को कार्य करने से पूर्व, विस्तृत आगणन गठित कर सक्षम अधिकारी से अनुमोदन अवश्य प्राप्त कर लिया जाए।

7– कार्य करने से पूर्व समस्त औपचारिकतायें तकनीकी दृष्टि को मध्य नजर रखते हुए एवं लो0नि0वि0 द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

8– उक्त कार्य के प्रगति की निरन्तर समीक्षा करते हुए इन्हें समयबद्ध ढंग से निर्धारित समया सारिणी के अनुसार पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। विलम्ब के कारण आंगणन पुनरीक्षण पर विचार नहीं किया जायेगा।

9– कार्य करने से पूर्व उच्चाधिकारियों एवं भूगर्भवेत्ता (कार्य की आवश्यकतानुसार) से कार्य स्थल का भली–भॉति निरीक्षण अवश्य करा लिया जाए, तथा निरीक्षण के पश्चात दिये गये निर्देशों के अनुरूप ही कार्य कराया जाए।

10– निर्माण सामग्री क्रय करने से पूर्व मानकों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 का कड़ाई से पालन किया जाय।

11– निर्माण सामग्री को उपयोग में लाने से पूर्व सामग्री का परीक्षण प्रयोगशाला से अवश्य करा लिया जाए तथा उपयुक्त सामग्री को ही प्रयोग में लाया जाए। कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता के संबंध में थर्ड पार्टी चेंकिग की व्यवस्था की जाय जिसके सापेक्ष होने वाला व्यय देय सेन्टेज चार्जेज के सापेक्ष वहन किया जायेगा।

12– मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के शासनदेश सं0–2047/XIV-219(2006) दिनांक 30.05.06 द्वारा निर्गत ओदशों का कार्य कराते समय या आगणन गठित करते समय कड़ाई से पालन करने का कष्ट करें।

2– कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के उपरान्त प्रश्नगत कार्य का विस्तृत आगणन शासन को तत्काल उपलब्ध कराया जाय।

3– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–240(P)/XXVII(3)/2011–12 दिनॉक 14.11.2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0राजू)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनॉक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सहायक शिक्षा सलाहकार(टी), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. सीनियर एकाउन्ट आफिसर, प्रमुख लेखा कार्यालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, ग्राउण्ड फ्लोर, डी–विंग, नई दिल्ली।
4. जिलाधिकारी, पौड़ी/पिथौरागढ़।
5. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. कोषाधिकारी, पौड़ी/पिथौरागढ़।
7. परियोजना प्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम पिथौरागढ़।
8. प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक, कनालीछीना।
9. वित्त अनुभाग–3/नियोजन अनुभाग।
10. एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ओ0पी0तिवारी)
उप सचिव।